





## एक नजर में

### प्रेक्षक व्यास ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया



**खण्डवा ।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नियुक्त प्रेक्षक अशोक कुमार व्यास ने नगर पालिक निगम एवं नगर परिषद मूंदी, पुनासा तथा ओंकारेश्वर के दावे आपत्ति केंद्रों का शुक्रवार को निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों पर जाकर दावे आपत्ति संबंधी कार्यवाही देखी।

### बोरगांव खुर्द में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम सभा

**खंडवा।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत नाबार्ड खंडवा द्वारा ग्राम बोरगांव खुर्द में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन गुरूवार को किया गया। इस अवसर पर जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड खंडवा जितेंद्र एम खैरनार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है। जिसका मुख्य संदेश यह है कि भ्रष्टाचार के उन्मूलन का दायित्व केवल सरकार का नहींए बल्कि प्रत्येक नागरिक का है। उन्होंने ग्रामवासियों से इस जन आंदोलन में सक्रिय सहभागिता निभाने और सतर्कता के उपायों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम बोरगांव खुर्द की सरपंच ने की। सरपंच ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत गाँव के विकास कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को सतर्कता, ईमानदारी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करने का प्रयास किया गया। अंत में नाबार्ड अधिकारियों नें सभी उपस्थित ग्रामीणों को केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की सामूहिक शपथ दिलाई।

### निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश



**खंडवा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को ओंकारेश्वर में सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को सिंहस्थ-2028 के लिए ओंकारेश्वर में प्रस्तावित व स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन आयुक्त श्री भोंडवे ने इस दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता के साथ नर्मदा तट के विभिन्न घाटों पर जाकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही घाटों पर लाइटिंग व्यवस्था, पब्लिक अनाउंसिंग सिस्टम तथा सायरन सिस्टम स्थापित करने के लिए भी कहा। आयुक्त श्री भोंडवे ने निरीक्षण के दौरान नर्मदा तट पर कंट्रोल रूम और वॉच टावर बनाने की भी आवश्यकता बताई। उन्होंने नगर परिषद ओंकारेश्वर के कचरा संग्रहण स्थल तथा कचरा पृथक्करण इकाई और मल्टी रिकवरी फैसिलिटी की व्यवस्थाएं देखीं, और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा तथा सहायक कलेक्टर डॉ. कृष्णा सुशिर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### ग्राम राई खुटवाल के ग्रामीणों ने श्रमदान कर बोरीबंधान संरचना निर्मित की

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को वर्षा ऋतु की समाप्ति के साथ ही अपने क्षेत्र के नदी नालों में बहते पानी को रोकने के उद्देश्य से बोरी बंधान संरचनाएं बनवाने के निर्देश दिए हैं। बोरी बंधान के कारण रुके हुए पानी से आसपास के जल स्रोतों में पानी का स्तर बढ़ेगा। इसी क्रम में खंडवा विकासखंड के ग्राम राईखुटवाल में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था उदय एकता समाजिक विकास कल्याण समिति के द्वारा बहते हुए पानी को रोक कर बोरी बांध बनाने का कार्य किया गया। समिति के सदस्यों ने श्रमदान कर बोरियों को मिट्टी व रेत से भरकर बहते हुए पानी को रोकने का कार्य किया। इस पानी से मवेशियों के लिए गर्मी के मौसम में भी पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा।

### स्वदेशी केवल नारा नहीं बल्कि अपनाने योग्य संस्कार है : सांसद पाटिल

**खंडवा।** स्वदेशी अपनाओ भारत को आत्मनिर्भर बनाओ के संकल्प को लेकर गुरुवार को खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने आम जन को संदेश देने के लिए जिला मुख्यालय खंडवा के घंटाघर क्षेत्र में फुटपाथ पर लगी दुकानों से दीपावली पर लगने वाली सामग्री मिट्टी के दिए, मिट्टी की मूर्ति, झाड़ू एवं पूजा के बर्तन चांदी का सिक्का खरीदा। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि गुरुवार को सांसद श्री पाटिल ने संत दादा गुरु के साथ दादाजी धाम पहुंचकर दर्शन कर सभी के कल्याण के लिए धूनी माई मे आहुती पेश की साथ ही पार्टी कार्यालय पहुंचकर लोह पुरुष



वल्लभभाई पटेल की जयंती को लेकर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। दोपहर में सांसद श्री पाटिल अपने कार्यकर्ताओं के साथ बाजार में पहुंचे और दीपावली की सामग्री खरीदी। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने दीपावली पर्व पर स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने का आग्रह करते हुए कहा कि अपने दैनिक जीवन में भी उन वस्तुओं का प्रयोग करें, जो स्वदेशी हों। स्वदेशी केवल नारा नहीं, बल्कि अपनाने योग्य संस्कार है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी के अभियान को घर-घर तक पहुंचाना है। अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी को बढ़ावा देना है। हम जब भारत में बना सामान खरीदेंगे, तभी निर्यात कम होगा और भारत की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। प्रवक्ता सुनीलजैन ने बताया कि इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के साथ सुभाष कोठारी, धर्मेंद्र बजाज, मुकेश तनवे, हरीश कोटवाले, दिनेश पालीवाल, सुनील जैन, चंद्रेश पचौरी, प्रशांत मिश्रा, राजपाल राठौर, बलदेव मौर्य, अनिल भगत, तेजेंद्र बाथम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिंहस्थ के स्वीकृत कार्य समय सीमा में करें : संकेत भोंडवे

**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को ओंकारेश वर में एनएचडीसी प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर सिंहस्थ-2028 के लिए स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ के लिए स्वीकृत सभी कार्य समय सीमा में, गुणवत्ता के निर्धारित स्तर के साथ पूर्ण किए जाएं।

**नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त श्री भोंडवे ने सिंहस्थ के विकास कार्यों की समीक्षा की**



नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त श्री भोंडवे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था, यात्री प्रतीक्षालय, अस्थाई शौचालय, अस्थाई चिकित्सालय, नर्मदा तट पर घाट निर्माण कार्य, अतिरिक्त पहुंच मार्ग, घाटों पर हाई मास्ट लाइट लगवाने, अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगवाने, पार्किंग एरिया विकसित करने तथा पांटून ब्रिज की व्यवस्था के प्रस्ताव तैयार कर वरिष्ठ कार्यालयों से स्वीकृत करा लें।

नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त श्री भोंडवे ने निर्देश दिए कि मोरटक्का ओंकारेश्वर मार्ग का शेष निर्माण कार्य से शीघ्रता से पूर्ण करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मोरटक्का से ओम्कारेश्वर आने वाले मार्ग पर जगह-जगह साइन बोर्ड लगाए जाएं तथा सड़क के आसपास श्रद्धालुओं के बैठने के लिए रोड फर्नीचर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओंकारेश्वर को निर्देश दिए कि सभी नावों की नंबरिंग कराएं तथा सभी ईरिक्शा और सभी ऑटो रिक्शा का रजिस्ट्रेशन करवाएं। नगरीय प्रशासन आयुक्त श्री भोंडवे ने बैठक में निर्देश दिए कि अब ओंकारेश्वर में केवल सीसी रोड ही स्वीकृत किए जाएंगे। इस संबंध में आदेश जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि नर्मदा नदी को प्रदूषित करने वालों पर अर्थदंड लगाने की कार्यवाही की जाए।

पर्यटन निगम के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए शंकराचार्य गुफा के संरक्षण का कार्य तथा परिक्रमा पथ पर विकास कार्य स्वीकृत किए गये हैं। इसके अलावा पर्यटन विकास निगम द्वारा ममलेश्वर मंदिर में प्रस्तावित विकास कार्यों के संबंध में भी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया। पर्यटन निगम के अधिकारियों ने बताया कि ओंकार पर्वत परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह शेड निर्माण कराया जाएगा, ताकि धूप और वर्षा के पानी से श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो। इसके साथ ही परिक्रमा पथ पर वृक्षारोपण भी प्रस्तावित है। लोक निर्माण विभाग पीआईयू के अधिकारियों ने बताया कि सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए ओंकारेश्वर में सर्किट हाउस का निर्माण स्वीकृत किया गया है। इसका निर्माण कार्य चालू हो गया है। इस सर्किट हाउस में कुल 10 कक्ष और एक सूट निर्मित किया जाएगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए लगभग 8 करोड़ रुपए की पेयजल योजना ओंकारेश्वर के लिए प्रस्तावित है। मोरटक्का से ओंकारेश्वर के बीच दो ओवरहेड टैंक का निर्माण भी किया जाएगा, ताकि रास्ते में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था हो सके।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण, पर्यटन निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पुलिस विभाग और सेतु विकास निगम व विद्युत वितरण कंपनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने प्रस्तावित कार्यों के बारे में बताया।

#### तैराकों और गोताखोरों को सीपीआर ट्रेनिंग दिलवाई जाए

आयुक्त श्री भोंडवे ने निर्देश दिए कि एसडीईआरएफ का बेस कैंप ओंकारेश्वर में स्थापित किया जाए और होमगार्ड के एक प्लाटून कमांडर का मुख्यालय ओंकारेश्वर ही किया जाए। उन्होंने कहा कि इसकी खंडवा से अधिक आवश्यकता ओंकारेश्वर में है। उन्होंने निर्देश दिए कि सिंहस्थ के साथ-साथ अन्य पर्वो पर नर्मदा नदी के घाटों पर ड्यूटी करने वाले होमगार्ड के जवानों, तैराकों और गोताखोरों को सीपीआर ट्रेनिंग दिलवाई जाए। बैठक में बताया गया कि ओंकारेश्वर में 20 बिस्तरीय शासकीय अस्पताल है, जिसका अब 50 बिस्तर वाले शासकीय अस्पताल में उन्नयन किया जा रहा है।

#### 15 लाख पौधे लगाने का विशेष अभियान

आयुक्त श्री भोंडवे ने कहा कि अगले जून माह में ओंकारेश्वर नगर एवं इसके आसपास के ग्रामों में कुल 15 लाख पौधे लगाने के लिए विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा, इसके लिए आवश्यक तैयारी करें। आयुक्त श्री भोंडवे ने निर्देश दिए कि कोई भी नाले का पानी सीधे नर्मदा नदी में ना मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने पुल और झूला पुल का प्रयोगशाला में सैंपल भेज कर सिक्योरिटी ऑडिट कराया जाए।

#### बैठक में ये मौजूद थे

बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी.गौड़ा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा और जनपद सीईओ डॉ.कृष्णा सुशिर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

#### 8 घाटों का उन्नयन कार्य

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए ओंकारेश्वर के आसपास कुल 8 घाटों पर विकास कार्य और घाटों के उन्नयन के कार्य स्वीकृत हुए हैं। इनमें खेड़ी घाट, गोमुख घाट, नागर घाट, नवीन घाट, संगम घाट, ब्रह्मपुरी घाट, नावघाट शामिल हैं। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि मोरटक्का से ओंकारेश्वर तक विद्युत लाइन और फीडर विस्तार का कार्य स्वीकृत हुआ है, ताकि सिंहस्थ के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि ओंकारेश्वर के शहर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीसी रोड निर्मित किए जाना हैं। इसके साथ ही नगर परिषद द्वारा ओंकारेश्वर में सर्व सुविधायुक्त मेला क्षेत्र तैयार कराया जाएगा।

#### पुलिस कर्मियों के लिए बैरक-आवास

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री राय ने बताया कि सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए मांधाता थाना परिसर में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा मांधाता थाना परिसर में पुलिस कर्मियों के लिए बैरक-आवास भी निर्मित किए जाएंगे। इनकी टेंडर प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारियों की ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट भी कोठी में सिंहस्थ मद से प्रस्तावित है।

## दीप महोत्सव के चलते शिक्षा विभाग ने किया नवाचार, आयोजित हुई रंगोली प्रतियोगिता

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** समस्त हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूलों में दीपोत्सव के प्रथम दिवस पर जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी के मार्गदर्शन में एक साथ दोपहर 1 बजे रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

एडीपीसी रमसा संगीता सोनवणे ने बताया कि इस नवाचार में हाईस्कूल परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए बनायी समस्त विषयों की प्रदन्या एक पहल बुकलेट में समाहित चित्रों की रंगोली बनाई गई।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी के अनुसार इस प्रतियोगिता को कराने का उद्देश्य था कि चित्रों के प्रति भय दूर हो, विषय में रूचि उत्पन्न हो, क्रियेटीविटी बढे, परीक्षा से पूर्व तैयारी हो जाये। इस प्रतियोगिता की ऑफलाइन मॉनिटरिंग जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय उमावि अहमदपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिचगोहन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालमुखी की। कालमुखी प्राचार्य को विद्यार्थियों की कम उपस्थिति के कारण फटकार लगाई गई तथा दसवीं के विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम संबंधित चर्चा की गई साथ ही अहमदपुर और चिचगोहन हायर सेकेण्डरी स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता के निरीक्षण के साथ साथ विद्यार्थियों को मोटिवेट किया।



ऑनलाइन निरीक्षण एडीपीसी रमसा संगीता सोनवणे ने शासकीय हाईस्कूल रोहिणी, पी एम श्री स्कूल सूरजकुंड, पी एम श्री स्कूल हरसूद, सॉदीपनी विद्यालय पंधाना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरगॉव, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खंडवा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा किया गया। सभी स्कूलों में उत्साह पूर्वक भाग लिया प्रतिभागियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार भी दिया गया।

## आयुष्मान आरोग्य शिविरों में 13080 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरो में आयुष स्वास्थ्य सुविधाओ की उपलब्धता लिए प्रत्येक माह की 14 तारीख को एक निर्धारित थीम अनुसार निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। नवंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक आयोजित इन शिविरों में कुल 13080 रोगी लाभान्वित हुए।**

जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर अनिल वर्मा ने बताया कि इन शिविरो का मुख्य उददेश्य जन समुदाय को अधिक से अधिक लाभ उपलब्ध कराना था।

इन स्वास्थ्य शिविरो में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, पंचायती राज विभागो का सहयोग रहा। ये स्वास्थ्य शिविर बलवाडा, भगवानपुरा, पांगरा, बगमार, कालमुखी, अटूटखास, भैसावां, बैढाणी, भोगावां पुर्नवास, इंधावडी गंभीर, बिल्लौद, बोरीसराय छनेरा, देवलीकला, और अहमदपुर खैगांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिरो पर किया गया।

## दीप महोत्सव एवं धनतेरस के पूर्व नगर का घंटाघर बाजार हुआ गुलजार

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। दीपावली महोत्सव शुक्रवार से प्रारंभ हो चुका है, धनतेरस के दो दिन पूर्व ही शहर के घंटाघर क्षेत्र के हाट बाजार के अलावा शहर के अन्य बाजार भी ग्राहकों से गुलजार रहे। दुकानों के अलावा सड़कों पर भी भीड़ लगने से पल-पल में जाम की स्थिति निर्मित होती रही। शुक्रवार को शहर के लोगों के साथ ही ग्रामीण अंचलों से आए खरीददारों द्वारा जमकर खरीदी की गई।**



समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि हिंदू त्योहारों में सबसे महत्वपूर्ण रूप से दीपावली का पर्व मनाया जाता है गरीब से लेकर आमिर तक अपनी क्षमता के अनुसार दीपावली उत्सव मनाता है दीपावली की खरीदारी के लिए खंडवा के बाजार सज गए हैं मुख्य रूप से घंटाघर क्षेत्र पूरी तरह से रोशन हो चुका है जहां बड़ी संख्या में लोग दीपावली की सामग्री खरीद रहे हैं। धनतेरस के पूर्व मुख्य बाजारों की सड़कें वाहनों से सटी पड़ी दिखाई दी।

पुलिस अधीक्षक मनोज राय के निर्देश पर दीपावली के चार दिन फोर व्हीलर वाहनों को प्रमुख बाजारों में प्रतिबंधित कर दिया गया है। यहा आवागमन व भीड़ को देखते हुए घंटाघर, बांबे बाजार, टाऊन हाल पर टूव्हीलर वाहनों को भी यातायात पुलिस रोक कर जाम की स्थिति नहीं बनने दे रही है। धनतरेस के पूर्व शहर के रेडीमेड, सराफा, बर्तन, इलेक्ट्रानिक व आटो डील वालों ने ग्राहकों के लिए अपनी दुकानों को दुल्हन जैसा सजा रखा है। शुक्रवार को यहां भी भीड़ रही और वाहनों की बुकिंग की गई जिससे कि धनतेरस के शुभ मुहुर्त में वाहन अपने घर ले जा सके। इन बाजारों से ग्राहकों द्वारा जमकर खरीदी की गई। सुबह से लेकर शाम तक शहर के सभी बाजार ग्राहकों से गुलजार थे। बाजारों में दीपावली की अच्छी रौनक दिखाई दे रही है।

समाजसेवी सुनील जैन ने दीपावली की नगरवासियों को बधाई देते हुए बताया कि दीप पर्व को लेकर धनतेरस की पूर्व संध्या पर बाजारों में रौनक दिखाई दी। शहर व ग्रामीण अंचल की महिलाओं ने नगर निगम क्षेत्र, घंटाघर, बुधवारा, टाउन हाल, बांबे बाजार, फुल गली आदि क्षेत्रों में फुटपाथ पर बैठे दुकानदारों से पर्व के लिए दीप, बत्तियां व प्रसादी के लिए धानी पताशे खरीदे। मुख्य दिवस लक्ष्मी पूजन के लिए लक्ष्मी माता की मूर्तियां व कैलेंडर की भी खरीदी की गई। पटाखा बाजार पटाखा बाजार में पटाखों की जमकर बिक्री हुई। शहरवासियों व ग्रामीणों द्वारा यहां से बड़े पटाखों के अलावा फुलझड़ी, अनार, चकरी, टिकली जैसे छोटे पटाखे भी खरीदे गए। चाइनीज व विदेशी पटाखों की बिक्री पर जिला प्रशासन की नजर और बाजार में यह देखने को नहीं मिल रहे हैं।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि दीपावली पर घरों-घर मिठाईयां व नमकीन बनाए जाते हैं। पहले परिजन घर में ही अधिकांश चीजें बनाते थे लेकिन बाजार का चलन बढ़ गया है और धनतेरस के एक दिन पूर्व मिठाईयों व नमकीन दुकानों पर भीड़ देखी गई जहां लोगों ने अपनी पंसद की मिठाई व नमकीन की खरीदी की। दीपावली बाजार को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था पुलिस जवानों ने संभाल रखी थी। मुख्य क्षेत्र बांबेबाजार, बुधवारा, घंटाघर, टाउन हाल सर्राफा आदि क्षेत्रों में दीपावली की अच्छी भीड़ देखी गई। शहर के मुख्य पाइंटों पर खड़े यातायात जवानों ने यातायात व्यवस्था को संभाला। धनतेरस और रूप चौदस पर भी बाजार में अच्छी खासी भीड़ रहेगी।

## अपंजीकृत डॉक्टर के विरूध्द प्रकरण दर्ज करने के लिए थाने में आवेदन दिया

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। विकासखण्ड पंधाना के ग्राम गांधवा में अपंजीकृत चिकित्सक हिमांशु अहिरवार ने गुरूवार रात्रि को डेढ़ वर्ष के बच्चे को इंजेक्शन लगाया था। उपचार के दौरान बच्चे की मृत्यु हो गई थी।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम गांधवा में अपंजीकृत चिकित्सकों जिनमें हिमांशु अहिरवार, राजेन्द्र हुकुमचंद चन्दोरे, दीपक जगदीश तथा राजेन्द्र काशीशंकर के विरूद्ध छापामार कार्यवाही कर दबिश दी। ये संभी अपंजीकृत चिकित्सकों के क्लिनिकों पर ताला लगा हुआ पाया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनिल तंतवार ने अपंजीकृत चिकित्सक हिमांशु अहिरवार के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कराने के लिए पुलिस थाना पिपलोद में आवेदन दिया है।

**जागरूकता** | **बाल कल्याण समिति खंडवा न्यायिक मजिस्ट्रेट समकक्ष खंडपीठ की संवेदनशील पहल**

# किशोर न्याय अधिनियम 2015 पर केंद्रित मुस्कान अभियान

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** राज्य पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के मार्गदर्शन एवं बाल कल्याण समिति खंडवा (न्यायिक मजिस्ट्रेट समकक्ष खंडपीठ) के नेतृत्व में अध्यक्ष प्रवीण शर्मा द्वारा किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों पर आधारित एक सशक्त संवेदनशीलता एवं जागरूकता अभियान मुस्कान अभियान संचालित किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य समाज में नाबालिग बच्चों के अधिकारों की रक्षा, कानूनी प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा पुलिस और समुदाय के बीच सहयोगात्मक तंत्र को सुदृढ़ करना था। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम मान्धाता, धनगांव एवं देशगांव थानों के क्षेत्र में आयोजित हुआ, जिसमें पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति और विशेष रूप से किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अंतर्गत प्रकरणों की विधिसम्मत प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया गया। अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने थानों के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से बताया — किशोर न्याय अधिनियम 2015 का मुख्य उद्देश्य किसी भी बच्चे के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना है। प्रत्येक थाना प्रभारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी नाबालिग से संबंधित मामला विधिसम्मत रूप से बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, ताकि बाल अधिकारों की रक्षा और न्यायसंगत कार्रवाई हो सके।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की सदस्य रुचि पाटिल, कविता पटेल, स्वप्निल जैन, विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी सुनीता जोसफ, एएसआई वासुदेव जाट, बाल संरक्षण अधिकारी टीका सिंह बिल्लौरे एवं प्रधान आरक्षक ब्रजेश पांडेय उपस्थित रहे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओंकारेश्वर में वात्सल्य मिशन के अंतर्गत विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल श्रम, गुड टच-बैड टच, साइबर क्राइम एवं किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी।



साथ ही ओंकारेश्वर में दुकानों के संचालकों एवं बस स्टैंड पर लगने वाले बाजार के व्यापारियों को समझाइश देकर जागरूक किया गया कि वे किसी भी बालक या बालिका से बाल श्रम या भिक्षावृत्ति संबंधी कार्य न करवाएँ, तथा किसी नाबालिग के साथ अनुचित व्यवहार की स्थिति में तुरंत पुलिस या बाल कल्याण समिति को सूचित करें।

प्रवीण शर्मा ने कहा —बच्चों की सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जागरूक व्यापारी और नागरिक ही सुरक्षित बचपन के रक्षक बन सकते हैं।

विद्यालयीन विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और बाल सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। मुस्कान अभियान के इस चरण ने न केवल विद्यार्थियों बल्कि स्थानीय समुदाय, दुकानदारों और पुलिस विभाग में भी किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता का संदेश पहुँचाया।

राज्य पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के नेतृत्व और बाल कल्याण समिति खंडवा (न्यायिक मजिस्ट्रेट समकक्ष खंडपीठ) की प्रेरक पहल से संचालित यह अभियान प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में बाल अधिकार संरक्षण, न्यायिक संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बन गया है। साथ ही, महिला एवं बाल विकास विभाग खंडवा द्वारा वात्सल्य मिशन के तहत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे बाल संरक्षण सेवाएं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बालिका सुरक्षा, किशोर परामर्श कार्यक्रम की जानकारी विद्यार्थियों और समुदाय को दी गई, ताकि वे अपने अधिकारों और सहायता तंत्र से परिचित हो सकें।